समाचार

वार्ड क्र. 18 एवं 34 में भ्रमण कर जनसमस्याएं जानी महापौर ने

(प्रगतिरत निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण, वार्ड क्र. 18 में निर्मित शौचालय के गुणवत्ता की जांच कराने आयुक्त को दिया निर्देश

कोरबा 04 जून 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज वार्ड क्र. 18 एवं वार्ड क्र. 34 की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर जनसमस्याएं जानी, उन्होने बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहां के निवासियों से भेंट की तथा उनकी विकास संबंधी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने वार्ड क्र. 18 में निर्मित शौचालय की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश भी आयुक्त श्री एस.के. दुबे को दिए।

अपनी चिरपरिचित कार्यशैली के अनुरूप महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के वार्ड क्र. 18 एवं वार्ड क्र. 34 लालघाट की विभिन्न बस्तियों का दौरा किया। उन्होने बस्तियों का पैदल भ्रमण करते हुए वहां के लोगों से भेंट की, उनकी विकास संबंधी आवश्यकताओं पर चर्चा की एवं समस्याओं की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने प्रगतिरत निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया तथा कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने एवं निर्धारित मानक के अनुसार सामग्री का उपयोग किए जाने के निर्देश दिए। वार्ड क्र. 18 ढेगुरनाला के पास स्थित चौहान समाज के सामुदायिक भवन के पीछे निर्मित शौचालय की गुणवत्ताहीनता की शिकायत पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने स्वयं स्थल पर पहुंचकर गुणवत्ता को परखा तथा शौचालय निर्माण की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने के निर्देश आयुक्त श्री एस.के. दुबे को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 34 में महापौरनिधि से सार्वजनिक मंच का निर्माण कराया जा रहा है, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उक्त निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>लालघाट सड़क पर बनेगी नाली</u>– वार्ड क्र. 34 लालघाट में भ्रमण के दौरान बस्तीवासियों ने बताया कि सड़क के किनारे नाली न होने के कारण बरसाती पानी का भराव सड़क पर हो जाता है, जिससे काफी असुविधा का सामना कर

पड़ता है। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा उक्त सड़क के किनारे नाली निर्माण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने लालघाट बस्ती की आंतरिक सड़कों का निरीक्षण किया तथा आवश्यकता को देखते हुए इन आंतरिक सड़कों के डामरीकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

पूर्व निर्मित नालियों की सफाई कराएं– लालघाट मेन रोड में निर्मित नालियों में काफी संख्या में झाड़ियां ऊग जाने एवं पत्थर, ईट के टुकड़ों से उक्त नालियों में मलवा भरा हुआ है, जिससे बरसाती पानी की निकासी में अवरोध पैदा होगा, भ्रमण के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उक्त स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा उक्त नालियों में ऊगी हुई झाड़ियों व पत्थरों, ईटों आदि से भरे हुए मलवें को हटाने तथा नालियों की शीघ्रातिशीघ्र सफाई कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

भ्रमण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य देवीदयाल सोनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, रामकृष्ण चौहान, निगम के अभियंता अश्वनी कुमार दास, लक्ष्मीनारायण, शैलेष चौहान आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।